दिन–मंगलवार दिनांक– 05/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार सात मई को होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य और एनडीए के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। श्री सरावगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन पटना के गांधी मैदान में किया जायेगा। इस बीच, शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी है। गांधी मैदान में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

———————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार पिछली सरकार के लिए तय फॉमूले के आधार पर ही होगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी घटक दलों को मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज एक दिवसीय मुंगेर दौरे पर हैं। श्री चौधरी भाजपा की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले, वे मुंगेर के ज्योति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने तिरूपति बालाजी की पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री मुंगेर योग विश्वविद्यालय में आयोजित पदार्पण दिवस समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

———————————————————

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम आज बोधगया पहुंच गये हैं। बोधगया हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति तो

लाम महाबोधि मंदिर और वियतनाम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बोधगया और गयाजी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। साथ ही आवागमन व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और अररिया समेत बारह जिलों में धूलभरी आंधी के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान वज्रपात का भी अलर्ट है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर में सबसे अधिक उनसठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रथों को रवाना किया गया है।

———————————————————————

गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने पांच हजार छह सौ उनतालीस शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की है। ये सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से गायब पाये गये थे या फिर विलंब से विद्यालय पहुंचे थे। इन सभी शिक्षकों को बहत्तर घन्टे के अंदर जबाब देने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————

युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए छपरा के भिखारी ठाकुर सभागार में सात मई को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में युवाओं को विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

———————————————————————————————

सहरसा के सौर बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से चार लोगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।